अमृत विचार

लखनऊ महानगर

www.amritvichar.com

लखनऊ, रविवार, 21 दिसंबर 2025

सुविचार

जो व्यक्ति इंसान की बनाई मूर्ति की पूजा करता है, लेकिन भगवान की बनाई मूर्ति (इंसान) से नफरत करता है, वह भगवान को कभी प्रिय नहीं हो सकता। - स्वामी ज्योतिनंद

लखनऊ के प्रमुख समाचार

- चालक ने बिना देखे बैक की बस, अधेड़ की मौत II
- भातखंडे विश्व का पथ प्रदर्शक : आनंदीबेन III
- स्मृतियां सहेजने जुटे आईआईएम के पूर्व छात्र IV

शहर में आज

- सीएसआईआर-एनबीआरआई में पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन सुबह 10 :00 बजे।
- विकासनगर के मिनी स्टेडियम में अटल स्वास्थ्य मेले का आयोजन 10 :00 बजे।
- मुंशी पुलिया चौराहे के पास आदर्श व्यापारी एसोसिएशन की ओर से जरूरतमंदों को कम्बल एवं ऊनी कपड़ों का वितरण। 12 :00 बजे।
- गांधी प्रतिमा जीपीओ हजरतगंज में जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग को लेकर गौरव गोस्वामी हिंदू समाज पार्टी का प्रदर्शन दोपहर 1 :00 बजे।

सिटी ब्रीफ

घुड़दौड़ आज

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ रेस कोर्स में अर्जुन कप के लिए घुड़दौड़ प्रतियोगिता आज आयोजित की जायेगी। दोपहर में पहली रेस इंडियन ब्रीड की होगी, और दूसरी रेस थॉरोब्रीड की होगी। विजेताओं को कप और नकद धनराशि देकर सम्मानित किया जायेगा।

खून-पेशाब की जांच से बच सकती है किडनी

अमृत विचार, पीजीआई : किडनी की सुरक्षा के लिए सिर्फ खानपान और पानी पीना पर्याप्त नहीं है, बल्कि समय पर जांच करना जरूरी है। खून और पेशाब की साधारण जांच से गंभीर किडनी रोग से बचाव संभव है। ये जांचें सरकारी अस्पतालों में मुफ्त उपलब्ध हैं। यह बात पीजीआई नेफ्रोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. नारायण प्रसाद ने इंडियन सोसायटी ऑफ नेफ्रोलॉजी के 54वें वार्षिक अधिवेशन में कही। डॉ. प्रसाद ने बताया कि किडनी रोग के शुरुआती दौर में लक्षण स्पष्ट नहीं होते। करीब 60 फीसदी मरीज तब पता चलने पर उपचार शुरू कर पाते हैं, जब आधा गुर्दा खराब हो चुका होता है। उन्होंने हर छह माह में पेशाब में प्रोटीन और खून में सीरम क्रिएटिनिन की जांच कराने की अपील की। शुगर, बीपी के मरीज और जिनके परिवार में किडनी रोग का इतिहास है, उन्हें विशेष सतर्कता बरतनी चाहिए। डॉ. अनुपमा कौल ने कहा कि महिलाओं में असुरक्षित गर्भपात, प्रसव के दौरान रक्तस्राव और पेशाब संक्रमण किडनी रोग का खतरा बढ़ाते हैं। इलाज में सामाजिक और आर्थिक असमानता के कारण महिलाएं पीछे रह जाती हैं। डॉ. रवि शंकर कुशवाहा ने चिकित्सा शिक्षा में प्रिवेंटिव नेफ्रोलॉजी शामिल करने पर जोर दिया।

बीआर वरुण बने पैरा स्पोर्ट्स के महासचिव

अमृत विचार, लखनऊ : दिव्यांग खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने और उन्हें बेहतर खेल मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यूपी पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। शनिवार को बरेली में हुए चुनाव में लखनऊ के बीआर वरुण को सर्वसम्मति से एसोसिएशन का महासचिव चुना गया। वर्तमान में वे लखनऊ एथलेटिक्स संघ के सचिव भी हैं। महासचिव चुने जाने के बाद वरुण ने कहा कि दिव्यांग खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के साथ उनकी प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए बेहतर और सशक्त मंच उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता होगी।

खूबसूरती

सीएसआईआर एनबीआरआई में प्रदर्शित फूलों की प्रदर्शनी में दिखा खूबसूरत फूलों का नजारा, किसी ने कैमरे किया कैद तो कोई तितली बनकर मंडराया। ● अमृत विचार

फूलों ने मुस्कुराकर बताया कम बोलो, ज्यादा महको

- सीएसआईआर-एनबीआरआई में गुलदाउदी व कोलियस की प्रदर्शनी
- एनबीआरआई के आंगन में 671 प्रकार के फूलों की लगी प्रदर्शनी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: फूलों की खुशबू और रंगों की कोमलता से सजी सीएसआईआर-एनबीआरआई की पुष्प प्रदर्शनी ने शहर के माहौल को खास बना दिया। सीएसआईआर–राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान के वनस्पति उद्यान स्थित सेंट्रल लॉन में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक गुलदाउदी एवं कोलियस प्रदर्शनी का शुभारंभ रंग-बिरंगे फूलों की अनुपम छटा और उल्लासपूर्ण वातावरण के बीच हुआ। इस मनमोहक प्रदर्शनी को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और पुष्पों की विविधता से सम्मोहित हो गए।

प्रदर्शनी का उद्घाटन प्रमुख सचिव, नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग एम. देवराज द्वारा निदेशक सीएसआईआर–एनबीआरआई डॉ. अजित कुमार शासनी की उपस्थिति में किया गया। प्रदर्शनी के संयोजक एवं संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. केजे सिंह ने बताया कि इस वर्ष प्रदर्शनी में कुल 95 प्रदर्शकों ने 671 प्रविष्टि यों को प्रदर्शित किया। इस प्रदर्शनी के आयोजन का प्रमुख उदेश्य पुष्पषकृषि उद्योग एवं इसके विभिन्न पहलुओं के प्रति जनसाधारण में जागरूकता उत्पपन्नि करना है।

किसानों के उत्पाद भी हैं उपलब्ध : मिशन के अंतर्गत जुड़े लाभार्थी किसानों द्वारा अपनी फूलों की उपज को आमजन के लिए बिक्री हेतु भी उपलब्ध कराया गया है। जिससे किसानों और उपभोक्ताओं के बीच प्रत्यक्ष सहभागिता को प्रोत्साहन मिला है।

सेल्फी लेती युवती।

वैज्ञानिकों से कर सकते हैं बात

- प्रदर्शनी में दर्शक सीएसआईआर – एनबीआरआई के वैज्ञानिकों के साथ प्रत्यक्ष संवाद और विचार-विमर्श कर सकते हैं। जिसके माध्यम से वे गुलदाउदी और कोलियस से संबंधित कृषि प्रौद्योगिकी, व्यावसायिक कट-फ्लावर किस्मों तथा इनके संवर्धन एवं उत्पादन पद्धतियों के विषय में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

गुलदाउदी की 75 अनोखी किस्मों का शानदार नजारा

- प्रदर्शनी में गुलदाउदी की 75 अनोखी किस्मों को लोगों के अवलोकन के लिए रखा गया। सीएसआईआर नई दिल्ली द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर संचालित पुष्पकृषि मिशन की जानकारी प्रदान करने के लिए एक स्टॉल भी स्थापित किया गया है।

रिटायर्ड डॉक्टरों का बनेगा मासिक रिपोर्ट कार्ड

- पुनर्नियुक्ति पर तैनात डॉक्टरों के कार्य की होगी हर माह समीक्षा
- लक्ष्य पूरा न करने पर नोटिस और सेवा समाप्ति की संस्तुति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : सरकारी अस्पतालों में सेवानिवृत्ति के बाद पुनर्नियुक्ति पर तैनात डॉक्टरों के कार्यों की अब नियमित और सख्त निगरानी की जाएगी। ऐसे डॉक्टरों का हर माह रिपोर्ट कार्ड तैयार किया जाएगा। अपर निदेशक ने सभी अस्पताल प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि पुनर्नियुक्ति पर कार्यरत डॉक्टरों का मासिक कार्य रिकॉर्ड अनिवार्य रूप से तैयार किया जाए। सेवाएं संतोषजनक न मिलने पर संबंधित डॉक्टर को पहले नोटिस जारी किया जाएगा और सुधार न होने की स्थिति में उनकी सेवाएं समाप्त करने की संस्तुति की जाएगी।

शहर के बलरामपुर, सिविल, लोकबंधु, रानीलक्ष्मीबाई, डफरिन समेत अन्य सरकारी अस्पतालों में पुनर्नियुक्ति पर करीब 50 से अधिक डॉक्टर तैनात हैं। इनमें नेत्र सर्जन, जनरल सर्जन, रेडियोलॉजिस्ट सहित विभिन्न विशेषज्ञ शामिल हैं। आरोप है कि इनमें से कई डॉक्टर केवल ओपीडी तक सीमित रहकर कार्य कर रहे हैं

और सर्जरी जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं नहीं दे रहे। शिकायत शासन स्तर तक पहुंचने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने सख्त रुख अपनाया है।

इसके तहत प्रत्येक डॉक्टर के लिए कार्य लक्ष्य भी निर्धारित किए गए हैं। जनरल सर्जन को माह में लगभग 12 मेजर सर्जरी करने का लक्ष्य दिया गया है, जबकि नेत्र सर्जन के लिए सालाना 700 ऑपरेशन का लक्ष्य तय किया गया है। अपर निदेशक, लखनऊ मंडल डॉ. जीपी गुप्ता के अनुसार, सभी अस्पतालों को मासिक रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

कारोबार छोड़ व्यापारियों का नगर निगम पर प्रदर्शन

चेतावनी के बाद मौके पर पहुंची महापौर ने किया आश्वस्त, कहा नहीं लगेगा कर

- बयान देने वाले अधिकारियों पर होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : नये ट्रेडों पर लाइसेंस शुल्क लगाए जाने के प्रस्ताव को लेकर नाराज बड़ी संख्या व्यापारियों ने शनिवार को नगर निगम मुख्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र, चेयरमैन राजेंद्र अग्रवाल नेतृत्व में अपराह्न एक बजे तक व्यापारी कारोबार छोड़ मुख्यालय के गेट पहुंच गए और नारेबाजी करने लगे। प्रस्ताव को वापस लिए जाने की मांग करते हुए व्यापारियों ने सीधी चेतावनी दी कि अगर यह वापस न हुआ तो व्यापारी बाजार बंद कर आंदोलन मुखर करेगा।

इससे पूर्व धरने को संबोधित करते हुए अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने कहा कि व्यापारी वर्ग पहले से ही विभिन्न तरह के टैक्स की मार से परेशान है। जल एवं सीवर की सुविधा उपलब्ध न होने के बावजूद, व्यापारियों से टैक्स वसूला जा रहा है। बुनियादी सुविधाओं की कौन कहे शहर के प्रमुख बाजारों अमीनाबाद, रकाबगंज पुल से सब्जी मंडी मार्ग, आलमबाग, बुद्धेश्वर,

व्यापारियों से ज्ञापन लेतीं महापौर सुषमा खर्कवाल। ● अमृत विचार

बालागंज, नक्खास, अकबरी गेट में अतिक्रमण, अव्यवस्थित यातायात, पार्किंग न होना, गंदगी जैसी समस्याएं हैं तथा मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। ऐसे में नए लाइसेंस शुल्क लगाना अन्यायपूर्ण, अव्यवहारिक है। वरिष्ठ व्यापारी नेता एवं चेयरमैन राजेन्द्र कुमार अग्रवाल ने कहा कि जब व्यापारी जल एवं सीवर सुविधाओं का उपयोग ही नहीं करता, तो उससे यह कर वसूलना पूरी तरह अनुचित है। वरिष्ठ महामंत्री पवन मनोचा, कोषाध्यक्ष देवेन्द्र गुप्ता, महामंत्री अनुराग मिश्र, स्टेशनरी एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह चौहान, मोबाइल एसोसिएशन के अध्यक्ष नीरज जौहर, युवा अध्यक्ष मनीष गुप्ता, कुश मिश्र, समीर जैन ने कहा कि व्यापारी वर्ग ऑनलाइन ट्रेडिंग और घटती बिक्री से जूझ रहा है, ऐसे में नगर-निगम का यह निर्णय बचे-खुचे व्यापार को समाप्त करने वाला है।

प्रदर्शन में मनीष वर्मा, शशि शुक्ला, कार्यवाहक अध्यक्ष सतीश अग्रवाल, कपड़ा के महामंत्री अनिल बजाज, उत्तम कपूर, प्रभू जालान, विनोद माहेश्वरी, रामकुमार वर्मा, उमेश शर्मा, विनोद अग्रवाल, विनोद पंजाबी, अरविंद पाठक रामकुमार वर्मा बब्बू हसीब रमेश मिश्र लल्लन यादव, पिन्दू गुप्ता, रिजवान, नीरज गुप्ता, कुश मिश्र, नजमी, राजू शुक्ला, प्रशांत गर्ग, सफीकुर रहमान, सनी लालवानी, राजीव वाजपेयी, सीताराम अग्रवाल, राजेंद्र सिंह दुआ, मंजीत सिंह दुआ, इंद्रजीत सिंह दुआ आदि विभिन्न बाजारों के पदाधिकारी और व्यापारी मौजूद रहे।

धरने के बीच पहुंचीं महापौर तब माने व्यापारी

- करीब डेढ़ घंटे के धरना-प्रदर्शन के बीच महापौर मौके पर पहुंची और उन्होंने व्यापारियों की मांग को सुना और स्पष्ट किया कि ऐसा कोई भी नया लाइसेंस शुल्क लागू नहीं किया जाएगा। जिन अधिकारियों द्वारा अखबारों में इस आशय का बयान दिया गया है उनकी जांच करा कार्रवाई कराई जाएगी। इसके बाद व्यापारियों का गुस्सा थमा और उन्होंने महापौर को ज्ञापन दिया। यही नहीं महापौर ने कहा कि आपात बैठक बुलाकर उक्त शुल्क को हमेशा के लिये समाप्त किया जाएगा। इस आश्वासन पर व्यापारियों ने तालियां बजाकर स्वागत किया।

आज मीटर कराना होगा रीचार्ज नहीं तो कट सकती है बिजली

- लखनऊ मध्य जोन के अधीक्षण अभियंता ने जारी किया अल्टीमेटम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ में प्रीपेड स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए चेतावनी जारी की गई है। जो लोग बिजली का उपयोग तो कर रहे हैं, लेकिन मीटर रिचार्ज नहीं करा रहे, उनके लिए खतरे की घंटी बज चुकी है। ऐसे उपभोक्ताओं को आज ही मीटर रिचार्ज कराना होगा, अन्यथा घर और दुकानों की बिजली आपूर्ति बंद की जा सकती है।

शनिवार को लखनऊ मध्य जोन के अधीक्षण अभियंता (कॉमर्शियल) मुकेश त्यागी ने यह सार्वजनिक सूचना जारी की। उन्होंने बताया कि जिन उपभोक्ताओं के मोबाइल पर नेगेटिव एरियर या बकाया राशि के संदेश आ रहे हैं, वे इसे गंभीरता से लें और निर्धारित तिथि तक बकाया जमा करें। अधीक्षण अभियंता ने कहा कि उपभोक्ता यूपीपीसीएल कंज्यूमर ऐप और यूपीपीसीएल स्मार्ट ऐप डाउनलोड कर सकते हैं। इन ऐप्स के माध्यम से बिजली बिल चेक करने, रिचार्ज करने, बिल डाउनलोड और प्रीपेड मीटर बैलेंस की जानकारी लेने की सुविधा उपलब्ध है। अधिकारियों ने साफ किया कि पोस्टपेड कनेक्शन को प्रीपेड में बदले गए उपभोक्ताओं का रिचार्ज खत्म होने पर भी बिजली अभी तक बंद नहीं की गई थी। संदेश में दिखाई गई नेगेटिव राशि उनका बकाया है, जिसे तुरंत जमा करना आवश्यक है। समय पर भुगतान न करने पर बिजली कनेक्शन काटे जाने की कार्रवाई की जाएगी।

सशस्त्र सीमा बल ने धूमधाम से मनाया 62वां स्थापना दिवस

अमृत विचार, लखनऊ : सशस्त्र सीमा बल का 62वां स्थापना दिवस शनिवार को धूमधाम और गरिमापूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रजनीश लाम्बा उप-महानिरीक्षक ने किया। जिसके बाद गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। पाइप बैंड के आकर्षक एवं अनुशासित प्रदर्शन ने समारोह में विशेष उत्साह का संचार किया। इस अवसर पर बल के गौरवशाली इतिहास, कर्तव्यनिष्ठ परंपराओं और राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण को स्मरण किया गया। कार्यक्रम में अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं जवानों को सम्मानित किया गया। स्थापना दिवस पर बल कर्मियों ने राष्ट्र की सुरक्षा, जनता की सेवा एवं संविधान की मर्यादाओं की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प लिया।

उपलब्धि | स्वच्छ सर्वेक्षण में इंदौर, सूरत, विजयवाड़ा और नवी मुंबई से होगा मुकाबला

सुपर स्वच्छ लीग शहरों में शामिल लखनऊ

- 'स्वच्छता की नई पहल - बढ़ाएं हाथ, करें सफाई हाथ' थीम पर होगा सर्वेक्षण

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के लिए लखनऊ नगर निगम इस बार सुपर स्वच्छ लीग शहरों में शामिल हो गया है। 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में लखनऊ के साथ पहली बार अहमदाबाद और भोपाल भी सुपर स्वच्छ लीग शहरों में शामिल हुए हैं। अब लखनऊ का स्वच्छ सर्वेक्षण में इंदौर, सूरत, विजयवाड़ा और नवी मुंबई से मुकाबला होगा।

ये शहर पहले से सुपर स्वच्छ लीग शहरों में शामिल हैं। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, आवासन एवं शहरी मंत्रालय ने शनिवार को 10वां स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 कार्यक्रम की घोषणा करते हुए टूल किट जारी कर दी। इस बार सर्वेक्षण की थीम 'स्वच्छता की नई पहल - बढ़ाएं हाथ, करें सफाई हाथ' पर आधारित होगी।

कूड़ा प्रबंधन में सुधार का मिला इनाम

- लखनऊ नगर निगम को कूड़ा प्रबंधन में बेहतर कार्य का इनाम मिला है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 की रैंकिंग में लखनऊ नगर निगम ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान हासिल किया था। इस आधार पर लखनऊ नगर निगम को स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के लिए सुपर स्वच्छ लीग में शामिल किया गया है। लखनऊ ने कूड़ा प्रबंधन में सुधार के साथ शिवरी में डम्प कूड़े के पहाड़ का निस्तारण करने के लिए प्लांट चालू किया। साथ ही डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन में सुधार किया।

इन 10 बिंदुओं पर होगा सर्वेक्षण

- विजिबल क्लीनलीनेस
- सेग्रीगेशन एंड वेस्ट हैंडलिंग
- सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट
- एसेस टू सेनिटेशन
- यूज्ड वाटर मैनेजमेंट
- मैकेनाइज्ड डिस्लगिंग
- स्वच्छता एडवोकेसी
- इको सिस्टम स्ट्रेंथनिंग
- वेलफेयर ऑफ सेनिटेशन वर्कर
- सिटीजेन फीडबैक एंड ग्रीविएंस रिड्रेसल

ममता की छांव

भीषण सर्दी में बच्चे को शॉल में ढककर ले जाती महिला। ● राजकुमार वाजपेयी

सिटी ब्रीफ

तालाब किनारे लटका मिला अधेड़ का शव

अमृत विचार, लखनऊ : सहारा स्टेट के अंदर तालाब किनारे शनिवार को लगभग 55 वर्षीय व्यक्ति का कंकाल नुमा शव पेड़ में रस्सी से लटका मिला। डॉयल-112 पर सूचना मिलते ही जानकीपुरम पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। छानबीन के दौरान चप्पल मिट्टी व पत्तियों के नीचे दबी मिली। शव करीब 15-20 दिन पुराना बताया जा रहा है। दाहिना पैर नीचे आधा किसी जानवर द्वारा खाया जाना प्रतीत हो रहा है।

गैंगस्टर दंपति की 46 लाख की संपत्ति कुर्क

अमृत विचार, लखनऊ : अपराध से अर्जित काली कमाई के खिलाफ लखनऊ कमिश्नरेट ने कार्रवाई की है। गोमतीनगर विस्तार पुलिस ने गैंगस्टर दंपति की अपराध की रकम से अर्जित करीब 46 लाख की संपत्ति को कुर्क कर दिया है। कुर्क की जाने वाले संपत्ति में बैंक में जमा रुपये और एक फॉरच्यूनर कार हैं। वहीं, गुडंबा के एक गैंगस्टर की करीब 65 हजार की संपत्ति कुर्क की गयी है। कुर्की की कार्रवाई का आदेश न्यायालय संयुक्त पुलिस आयुक्त अपराध बब्लू कुमार ने जारी किया है। इंस्पेक्टर गोमतीनगर विस्तार सुधीर कुमार अवस्थी ने बताया कि गैंगस्टर दंपति शकुंतला शर्मा और राकेश शर्मा चिनहट के गणेशपुर रहमानपुर मटियारी स्थित दयाल फार्म हाउस में रहते हैं। इसके अलावा गैंगस्टर रोहित श्रीवास्तव गुडंबा के खत्री इलाके में रहता है। उसके खिलाफ चोरी व लूट के करीब दो दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। उसकी 65 हजार की संपत्ति कुर्क कर दी गयी है।

बंद मकान से नकदी और जेवर चोरी

अमृत विचार, काकोरी : पारा के बीबीखेड़ा इलाके में चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाया। चोरों ने ताला तोड़कर नकदी व जेवर समेत अन्य माल साफ कर दिया। यह घटना उस वक्त हुई, जब पीड़ित अजीत शर्मा परिवार संग दादी की तेरहवीं में शामिल होने के लिए देवरिया गया हुआ था। पीड़ित अजीत शर्मा ने बताया कि पड़ोसियों ने चोरी की सूचना दी तो वे वापस लौटे। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन की। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

तमंचा लहरा रहे युवक को भीड़ ने पकड़ा

अमृत विचार, लखनऊ : तालकटोरा थाना क्षेत्र में तमंचा लहरा रहे एक युवक को भीड़ ने मिलकर पकड़ लिया। धुनाई कर उसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मासूम मस्तान उर्फ मासूम अली उर्फ चांद बाबू निवासी मोज्जमनगर सआदतगंज बताया। पुलिस ने आर्म्स एक्ट की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। आरोपी के खिलाफ चोरी, एनडीपीएस एक्ट समेत करीब 27 मामले कई थानों में दर्ज हैं।

दुकान में चोरी करने वाले आरोपी धरे गए

अमृत विचार, लखनऊ : इंस्पेक्टर बिजनौर कपिल गौतम ने बताया कि मुल्लाही खेड़ा निवासी बाबूलाल लोधी की बिजनौर-गौरी रोड पर बीके ट्रेडर्स नाम से दुकान है। उन्होंने 19 दिसंबर को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 13 दिसंबर को दोपहर मेज की दराज से 5500 रुपये, 32 बोर का लाइसेंसी रिवॉल्वर गायब मिला। सीसीटीवी फुटेज से पुलिस ने शनिवार को नटकुर अंडरपास से किशोर समेत दो को पकड़ा। आरोपी ने अपना नाम विशाल कुमार पटेल निवासी गौरी हाइडिल रोड सरोजनीनगर बताया। पुलिस ने आरोपी को जेल व किशोर को बाल सुधार गृह भेज दिया है।

चालक ने बिना देखे बैक की बस, अधेड़ की मौत

साथी की हालत गंभीर, लोहिया अस्पताल में भर्ती

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस मुख्यालय के पीछे घटी दुर्घटना

अमृत विचार : पुलिस मुख्यालय के पास निर्माणाधीन इमारत के पास चालक ने बिना देखे बस को बैक किया, जिससे पीछे से गुजर रहे शटरिंग कारीगर और उसके साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां शटरिंग कारीगर रहीम (55) की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि उसका साथी रमेश का इलाज चल रहा है। इंस्पेक्टर उपेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

फतेहपुर के काजीखेड़ा मजरा बिनकी निवासी रहीम करीब सात महीने से पुलिस मुख्यालय के पास निर्माणाधीन बिल्डिंग में काम कर रहे थे। शुक्रवार को वे साथी उन्नाव निवासी रमेश के साथ चाय पीकर लौट रहे थे। इसी दौरान वहां खड़ी एक निजी बस के पीछे से गुजरते समय चालक ने बिना देखे बस को बैक कर दिया। बस के पहिए की चपेट में आने से रहीम व रमेश गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने डायल-112 पर सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

नशीली सिरप व दवा का कर रहे थे काला कारोबार

इंदिरानगर के मेसर्स कान्हा फार्मास्युटिकल्स ने बेचीं नारकोटिक औषधियां, एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- साजिशन दवा विक्रय लाइसेंस का दुरुपयोग, जांच शुरू

अमृत विचार : इंदिरानगर क्षेत्र में कोडीनयुक्त कफ सिरप और नशीली दवाओं के काले कारोबार का मामला सामने आया है। औषधि निरीक्षक, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की शिकायत पर इंदिरानगर थाने में मेसर्स कान्हा फार्मास्युटिकल्स के प्रोपराइटर आरुष सक्सेना के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। आरोप है कि आरोपी ने आपराधिक साजिश के तहत दवा विक्रय लाइसेंस का दुरुपयोग करते हुए कोडीनयुक्त सिरप, ट्रामाडोल और एल्प्राजोलाम जैसी नारकोटिक औषधियों को गैर-चिकित्सकीय प्रयोजनों के लिए खुले बाजार में बेचा।

औषधि निरीक्षक विवेक कुमार सिंह के अनुसार, आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के निर्देश पर अक्टूबर 2025 में विभिन्न फर्मों की जांच की गई थी। जांच में सामने आया कि कान्हा फार्मास्युटिकल्स ने अप्रैल से अक्टूबर 2024 के बीच फेंसिपिक-टी सिरप (100 एमएल) की 11,783 शीशियां खरीदी थीं। इसके अलावा रायबरेली और कानपुर की फर्मों से भी बड़ी मात्रा में कोडीनयुक्त सिरप, ट्रामाडोल और एल्प्राजोलाम युक्त दवाओं की खरीद-फरोख्त के दस्तावेज मिले हैं।

निरीक्षण के दौरान इंदिरानगर में दर्ज पते पर फार्मेसी संचालित नहीं पाई गई। मौके पर एक जनरल स्टोर मिला, जिसके संचालक ने बताया कि आरुष सक्सेना कई माह पहले दुकान खाली कर चुका है। पोर्टल पर दर्ज मोबाइल नंबर भी बंद मिले। विभाग की ओर से सात दिन में क्रय-विक्रय अभिलेख प्रस्तुत करने का नोटिस जारी किया गया था, लेकिन कोई दस्तावेज नहीं दिए गए।

प्रतिबंधित दवाओं की मिली खेप

औषधि निरीक्षकों की रिपोर्ट में उल्लेख है कि कोडीनयुक्त सिरप और ट्रामाडोल का नशे के रूप में दुरुपयोग किया जाता है और ये स्वापक एवं मन :प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 के तहत प्रतिबंधित हैं। आरोप है कि आरोपी ने वैधानिक प्रक्रियाओं का पालन किए बिना इन दवाओं का अवैध कारोबार किया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी की तलाश की जा रही है और संबंधित आपूर्तिकर्ता फर्मों के अभिलेख भी खंगाले जा रहे हैं।

सर्दी का सितम...

राजधानी को इन दिनों कोहरे और ठंड ने अपने आगोश में ले लिया है, जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है, चारबाग रेलवे स्टेशन पर ठिठुरते हुए ट्रेन का इंतजार करते यात्री। अमृत विचार

महिला रेजिडेंट ने किया आत्महत्या का प्रयास, ट्रॉमा सेंटर में भर्ती

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्रेम विवाह से पहले धर्म बदलने के दबाव पर इंकार करने से टूटा रिश्ता
- परिजन ने मुख्यमंत्री पोर्टल व महिला आयोग में की शिकायत

अमृत विचार : किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में एक पुरुष रेजिडेंट डॉक्टर पर साथ पढ़ने वाली हिंदू महिला रेजिडेंट पर धर्म बदलने का दबाव बनाने का आरोप लगा है। बताया गया कि दोनों के बीच प्रेम संबंध थे और विवाह से पहले आरोपी रेजिडेंट छात्रा पर धर्मांतरण का दबाव बना रहा था। महिला रेजिडेंट ने धर्म बदलने से इंकार किया तो युवक ने उससे रिश्ता तोड़ लिया। इससे मानसिक रूप से आहत छात्रा ने आत्महत्या का प्रयास किया। गंभीर अवस्था में उसे केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां आईसीयू में उसका इलाज चल रहा है।

परिजनों के अनुसार महिला रेजिडेंट केजीएमयू हॉस्टल में रहती थी। जुलाई 2025 में उसकी मुलाकात साथ में पढ़ाई करने वाले एक पुरुष रेजिडेंट डॉक्टर से हुई थी। दोनों के बीच बातचीत बढ़ी और बाद में प्रेम संबंध हो गया। परिजनों का आरोप है कि युवक ने उनकी बेटी को प्रेमजाल में फंसाया और उसका शोषण किया। इलाज के बाद उसकी स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। परिजनों ने मामले को लेकर मुख्यमंत्री जन सुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है और राज्य महिला आयोग से भी कार्रवाई की मांग की है। केजीएमयू प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने बताया कि लगाए गए आरोपों के आधार पर मामले की जांच कराई जा रही है।

चौराहे पर पीटा, वीडियो बनाकर किया अपमानित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- घटना से किशोर डिप्रेशन में, मां ने दर्ज कराई 14 पर रिपोर्ट

अमृत विचार : चिनहट के एल्डिको चौराहे पर किशोर को बुलाकर करीब 14 लोगों ने बेरहमी से पीटा। मारपीट करते हुए उसका वीडियो भी बनाया। पीड़िता की मां ने चिनहट कोतवाली में चार नामजद व 10 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि किशोर की काउंसलिंग की जा रही है। आरोपियों की जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी।

यमुना विहार निवासी पीड़िता ने बताया कि 17 वर्षीय बेटे को 17 दिसंबर की शाम थार, बलेनो कार व बुलेट सवार विपुल पांडेय, दिव्य प्रताप सिंह, अंश शुक्ला, दिव्यांक राय और 10 अज्ञात लोग लेकर एल्डिको चौराहे पर गए। वहां आरोपियों ने किशोर को बेरहमी से पीटते हुए वीडियो बनाकर सड़क पर अपमानित किया। विरोध पर गाली-गलौज कर धमकाया। लोगों के बीचबचाव करने पर आरोपी वहां से चले गए। घटना के बाद से किशोर इस कदर डिप्रेशन में है कि वह आत्महत्या कर सकता है। परिजन बच्चे की लगातार काउंसलिंग कर रहे हैं।

दोस्त के खाते में मंगवाए साइबर क्राइम के रुपये

अमृत विचार, लखनऊ: फोटोग्राफी के काम के दौरान हुई दोस्ती में विश्वास कर एक युवक ने अपने क्यूआर कोड से दोस्त के लिए 1.29 लाख रुपये मंगवा लिए। बाद में यह रकम साइबर क्राइम से जुड़ी निकली, जिससे पीड़ित का बैंक खाता फ्रीज हो गया। पुलिस से शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई तो पीड़ित ने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर इंदिरानगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की गई है। पंत नगर, खुर्रमनगर निवासी विनोद कुमार तिवारी के अनुसार उनके दोस्त अंशुल सिंह ने बैंक खाता न होने का बहाना बनाकर 27 सितंबर 2024 को उनके क्यूआर कोड के माध्यम से रुपये मंगवाए थे। साइबर क्राइम के चलते बैंक बैलेंस 82 हजार रुपये माइनस में चला गया।

किसान ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

संवाददाता, निगोहां/सरोजनीनगर

- बंथरा में पांच दिन से लापता युवक का जंगल में लटका मिला शव

अमृत विचार: थाना क्षेत्र के दयालपुर में एक किसान ने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं, बंथरा में पांच दिन से लापता युवक का शव जंगल में पेड़ में बंधे फंदे से लटका मिला। पुलिस ने छानबीन के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

दयालपुर का मजरा भीमनगर निवासी सुनील कुमार ने बताया कि पिता प्रकाश (52) शुक्रवार रात खाना खाकर गांव में बने अर्द्धनिर्मित मकान पर सोने के लिए चले गए थे। शनिवार सुबह करीब सात बजे मां रामरती ने दरवाजा अंदर से बंद देख आवाज दी, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। परेशान सुनील पड़ोसियों की सहायता से सीढ़ी के सहारे घर के अंदर पहुंचा, जहां प्रकाश का शव छप्पर में लगे बांस में गमछे से बने फंदे से लटका मिला। ग्राम प्रधान पति शैलेंद्र कुमार पाल ने निगोहां पुलिस को सूचना दी। ग्रामीणों ने बताया कि प्रकाश नशे का आदी था। परिवार में पत्नी रामरती और बेटे सुनील के अलावा दो बेटे सुभाष, विकास व बेटी शालू हैं। एसओ अनुज तिवारी ने बताया कि परिजन ने कोई आरोप नहीं लगाया है।

वहीं, बंथरा के गोड़वा गांव निवासी गोकरन (35) पिता सुंदरलाल, मां चंद्रावती और बड़े भाई गोकुल के साथ रहकर मजदूरी करता था। गोकरन की शादी करीब 8 वर्ष पहले हुई थी। शादी के दो साल बाद पत्नी से तलाक हो गया। गोकरन दिमागी रूप से कमजोर था। जिसके चलते वह अक्सर घर से गायब हो जाता था। 15 दिसंबर को भी गोकरन कहीं चला गया। परिजन ने खोजबीन की लेकिन उसका पता नहीं चला। शुक्रवार दोपहर जानवर चराने गए गांव के चरवाहों ने गांव से करीब 500 मीटर दूर सई नदी के किनारे जंगल में गमछे के सहारे पेड़ से गोकरन का शव लटका देखा। जानकारी होते ही ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। पिता सुंदर ने शव की पहचान बेटे गोकरन के रूप में की। शुरुआती जांच में पता चला कि गोकरन का दिमागी संतुलन ठीक नहीं होने के साथ वह नशे का भी आदी था।

अश्लील टिप्पणियों से परेशान महिला ने दर्ज कराई रिपोर्ट

अमृत विचार, पीजीआई : फेसबुक पर की जा रही गाली-गलौज और अश्लील टिप्पणियों से मानसिक रूप से परेशान विधवा महिला ने पुलिस से शिकायत की है। पीड़िता की तहरीर पर शुक्रवार को पीजीआई पुलिस ने एक युवक के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली है। तेलीबाग निवासी महिला का आरोप है कि मोहित यादव नाम की फेसबुक आईडी से उसके खिलाफ लगातार अभद्र भाषा, अश्लील शब्दों और आपत्तिजनक टिप्पणियां की जा रही थीं। इन महिला ने फेसबुक पर की गई आपत्तिजनक पोस्ट और मैसेज के स्क्रीन शॉट पुलिस को सौंपे हैं।

पत्नी को जमकर पीटा, गिराने के बाद उस पर की लघुशंका

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आरोपी पति ने अश्लील फोटो वायरल करने की दी धमकी

अमृत विचार : दहेज की मांग पूरी न होने पर पति व ससुरालवालों ने शादीशुदा महिला को प्रताड़ित किया। शराब के नशे में पति ने पत्नी को पीटा, गला दबाया और लघुशंका की। इसके बाद आरोपी पति ने पत्नी की अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी। पीड़िता ने पति और अन्य चार ससुराल वालों के खिलाफ बाजारखाला कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर बृजेश सिंह ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

सरोजनीनगर निवासी युवती का विवाह बाजारखाला निवासी युवक से 21 जनवरी 2024 को हुआ था। पीड़िता ने तहरीर में बताया कि शादी के कुछ दिनों बाद पति, जेठ, ननद और सास ने दहेज में 2 लाख रुपये और सोने की अंगूठी की मांग शुरू कर दी। पीड़िता के पिता का निधन हो चुका था और भाईयों ने कर्जा लेकर उसकी शादी की थी। मजबूरी में पीड़िता ने प्रताड़ना सहते हुए किसी को कुछ नहीं बताया। मायके से ससुराल लौटने पर पति ने उसे कमरे में बंद कर शराब के नशे में पीटा और गला दबाकर मारने का प्रयास किया। पीड़िता गिर गई और पति ने उस पर लघुशंका की। मायकेवालों के समझाने पर आरोपी ने अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी दी। प्रताड़ना बढ़ने पर पीड़िता ने अंततः पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

अगवा कर दुष्कर्म का आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 12 अगस्त को तकरोही मार्केट से गायब हुई थी युवती, पिता-पुत्र समेत तीन पर एफआईआर दर्ज

अमृत विचार : इंदिरानगर निवासी महिला ने पिता-पुत्र व उनके रिश्तेदार पर 19वर्षीया बेटी को अगवा कर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। युवती की मां ने गंभीर आरोप लगाते हुए कुछ युवकों के खिलाफ षड्यंत्र रचकर बेटी को गायब करने की आशंका जताई है। पीड़िता की तहरीर पर इंदिरानगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

इंदिरानगर निवासी महिला के अनुसार उनकी पुत्री 12 अगस्त 2025 को तकरोही मार्केट सामान लेने गई थी। इसके बाद वह घर वापस नहीं लौटी। शुरुआती तौर पर परिजन को लगा कि वह किसी रिश्तेदारी में चली गई होगी। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिल सका। परिजन का आरोप है कि इस संबंध में तकरोही चौकी में कई बार प्रार्थनापत्र दिए गए। पुलिस ने मामले को केवल गुमशुदगी मानकर दर्ज किया और ठोस कार्रवाई नहीं की। बाद में जानकारी मिली कि अमराई गांव निवासी मानव शुक्ला, उसके पिता रामसागर और मानव के मामा के लड़के राजा द्वारा इस घटना के पीछे साजिश रची गई है। आशंका जताई है कि उक्त लोग उनकी पुत्री के साथ अनैतिक अत्याचार कर रहे हो सकते हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मानव शुक्ला पहले भी उनकी बेटी का आए दिन पीछा किया करता था। इंस्पेक्टर इंदिरानगर सुनील कुमार तिवारी के मुताबिक, रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

आंखों में मिर्च स्प्रे कर लूटने का किया प्रयास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- निशातगंज में शाम को हुई घटना एफआईआर दर्ज

अमृत विचार: निशातगंज में बुधवार शाम को अंबेडकरनगर निवासी अश्वनी कुमार दुबे की आंखों में बदमाश ने मिर्च स्प्रे छिड़क कर लूटने का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपी वहां से भाग निकला। पीड़ित ने महानगर थाने में शिकायत की। जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

इंस्पेक्टर महानगर अखिलेश मिश्रा के मुताबिक, अंबेडकरनगर के योगीधानिकपुर निवासी अश्वनी कुमार दुबे कुछ दिन पहले महानगर आए थे। बुधवार को सुबह करीब 11:30 बजे वह निशातगंज स्थित एटीएम बूथ गए थे। वह रुपये निकाल ही रहे थे तभी एक अज्ञात युवक बूथ में दाखिल हुआ और उनकी आंख पर मिर्च स्प्रे मार दिया। उनके आंखों में जलन होने लगी। आरोपी उनसे नकदी लूटने की कोशिश करने लगा। मगर अश्वनी के शोर मचाने पर वह बूथ से भाग निकला। किसी तरह पीड़ित बाहर निकले और पुलिस चौकी निशातगंज पहुंचे और शिकायत की। इंस्पेक्टर के मुताबिक, सीसीटीवी कैमरों के फुटेज के जरिये आरोपी की तलाश की जा रही है।

जालसाजी

आलमबाग, आशियाना, नाका व महानगर कोतवाली में साइबर क्राइम की रिपोर्ट दर्ज

रेलकर्मी समेत चार के खातों से उड़ाए 5 .93 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : साइबर जालसाजों ने रेलकर्मी समेत चार लोगों के बैंक खातों से कुल 5.93 लाख रुपये उड़ा लिए। अलग-अलग मामलों में कहीं फर्जी सीआरपीएफ अधिकारी बनकर ठगी की गई, तो कहीं मोबाइल चोरी कर खातों से रकम निकाल ली गई। ये घटनाएं आलमबाग, आशियाना, नाका और महानगर थाना क्षेत्रों की हैं। पुलिस ने सभी मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच शुरू कर दी है।

आलमबाग के मुनव्वरबाग रेलवे कॉलोनी निवासी रवींद्र कुमार ने बताया कि 12 दिसंबर को फेसबुक मैसेंजर पर उनके परिचित एसपी की आईडी से संदेश आया। इसमें सीआरपीएफ अधिकारी द्वारा सस्ता फर्नीचर बेचने की बात कही गई। जालसाज से व्हाट्सएप पर संपर्क करने पर फर्नीचर भेजने के नाम पर तीन किस्तों में 96,500 रुपये ट्रांसफर करा लिए गए।

आशियाना के रजनीखंड-8 निवासी रेलकर्मी नीरज कुमार मिश्रा के इंडियन बैंक खाते से 2 दिसंबर को 47 हजार रुपये निकाल लिए गए। वहीं, अल्मोड़ा निवासी सूचना विभाग के कैमरामैन बिशन सिंह का मोबाइल चारबाग बस स्टैंड से चोरी हो गया था। अगले दिन उनके खाते से 4 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए गए। इसके अलावा महानगर के रहीमनगर निवासी अजमत अली के एचडीएफसी बैंक खाते से 49,999 रुपये निकाल लिए गए। सभी मामलों की जांच जारी है।

अंसल निदेशकों ने प्लॉट के नाम पर ठगे 30 लाख

अमृत विचार, लखनऊ : आवासीय योजना के नाम पर करोड़ों रुपये के फर्जीवाड़े के आरोप झेल रहे अंसल ग्रुप के निदेशकों के खिलाफ सुशांत गोल्फ सिटी थाने में एक और रिपोर्ट दर्ज करायी गई है। गोमतीनगर निवासी पीड़ित ने प्लॉट दिलाने के नाम पर करीब 30 लाख रुपये की ठगी का आरोप लगाया है। आरोप है कि 13 साल पहले प्लॉट की बुकिंग कर तय समय पर पूरी रकम जमा करने के बावजूद न तो प्लॉट मिला और न ही रजिस्ट्री करायी गई। इतना ही नहीं, आरोपियों ने दूसरे व्यक्ति का प्लॉट दिखाकर उन्हें फंसा दिया। विरोध करने पर मारपीट किए जाने का भी आरोप है। इंस्पेक्टर उपेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। विरामखंड-1 निवासी संजय कुमार सिंह ने बताया कि वर्ष 2012 में वह एक प्लॉट खरीदना चाहते थे। इसी दौरान उन्होंने दिल्ली स्थित अंसल प्रॉपर्टीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के कार्यालय से संपर्क किया। वहां उनकी मुलाकात कंपनी के निदेशक सुशील अंसल, प्रणव अंसल सहित अन्य अधिकारियों से हुई। बातचीत के बाद उन्होंने सुशांत गोल्फ सिटी स्थित अंसल एपीआई की आवासीय योजना में 700 वर्ग गज का प्लॉट बुक कराया। पीड़ित के अनुसार, प्लॉट दिखाने के बाद कंपनी की ओर से 10 नवंबर 2012 को उन्हें आवंटन पत्र जारी किया गया। इसके एवज में उन्होंने 22,84,466 रुपये जमा किए। आरोप है कि निदेशकों ने तय समय के भीतर विकास कार्य पूरा कर रजिस्ट्री कराने और कब्जा देने का आश्वासन दिया, लेकिन समय बीतने के बाद टालमटोल शुरू कर दी गई।

2 करोड़ वेतन हड़पने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- दंपति ने ओपी श्रीवास्तव व सहारा इंडिया के खिलाफ गोमतीनगर थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट

अमृत विचार : सहारा इंडिया में तैनात रहे एक दंपति ने कंपनी पर करीब दो करोड़ रुपये का वेतन हड़पने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित दंपति ने लखनऊ से लेकर मुंबई तक अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई न होने पर कोलकाता के टेक्नोसिटी थाने में प्रार्थना पत्र दिया। वहां से मामला लखनऊ के गोमतीनगर थाने भेजा गया, जहां प्रारंभिक जांच के बाद डिप्टी मैनेजिंग वर्कर ओपी श्रीवास्तव और सहारा इंडिया परिवार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

कोलकाता के संतोषपुर स्थित शिल्पी अपार्टमेंट निवासी अरिंदम बनर्जी के अनुसार, एक सितंबर 2016 को उनकी नियुक्ति सहारा इंडिया में वरिष्ठ सलाहकार (मुख्य महाप्रबंधक कैडर) के पद पर हुई थी। उनकी पत्नी शिबानी बनर्जी की नवंबर 2016 में चेयरमैन कार्यालय में नियुक्ति हुई। नियुक्ति पत्र पर उप मुख्य प्रबंध कार्यकर्ता के हस्ताक्षर थे। अरिंदम का वेतन पहले 4,40,393 रुपये प्रतिमाह तय हुआ, जिसे बाद में संशोधित कर 5,46,130 रुपये कर दिया गया। वहीं शिबानी बनर्जी का वेतन 81 हजार रुपये प्रतिमाह निर्धारित था।

अरिंदम के मुताबिक चार वर्ष सेवा देने के बाद वह छह माह के अवैतनिक अवकाश पर चले गए, लेकिन शर्तों के अनुसार कंपनी के काम के लिए ऑनलाइन उपलब्ध रहे। जुलाई 2022 से उन्होंने कार्यकारी निदेशक मानव संसाधन सुमित रॉय से बकाया वेतन को लेकर पत्राचार शुरू किया और सभी दस्तावेज उपलब्ध कराए। जून 2023 में उनके खाते में बकाया वेतन का केवल आंशिक भुगतान किया गया। अरिंदम का कहना है कि कंपनी पर उनका 95,13,761 रुपये और उनकी पत्नी का 20,21,263 रुपये बकाया है। इस राशि पर 12 प्रतिशत साधारण ब्याज जोड़ने पर कुल बकाया 2,03,39,767 रुपये होता है। आरोप है कि कई बार अनुरोध और नोटिस के बावजूद भुगतान नहीं किया गया।

अमृत विचार

www.amritvichar.com

सिटी ब्रीफ

172 देशों के लोग एक साथ करेंगे वर्चुअल ध्यान

अमृत विचार, लखनऊ : विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर हार्टफुलनेस इंस्टीट्यूट की ओर से हार्टफुल ध्यान समारोह का आयोजन 21 दिसम्बर को आईआईएम रोड स्थित बाबूजी मेमोरियल आश्रम में किया जाएगा। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में लखनऊ विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मनुका खन्ना को आमंत्रित किया गया है। दूसरे विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर हार्टफुलनेस के ग्लोबल गाइड पद्मभूषण डॉ. कमलेश डी पटेल 'दाजी' के सानिध्य में 172 देशों के लोग एक साथ रात 8 बजे दाजी के साथ वर्चुअल ध्यान करेंगे। इस अवसर पर विश्व भर से लोग एक ही समय पर जुड़कर सामूहिक ध्यान का अनुभव प्राप्त करेंगे। संस्थान में दूसरे विश्व ध्यान दिवस पर आयोजित हार्टफुल ध्यान समारोह में हर धर्म और वर्ग के लोग एक साथ मिलकर ध्यान करेंगे। यह आयोजन दिलों को जोड़ने, मन को शांत करने और सामूहिक ध्यान की शक्ति को अनुभव करने का एक अनूठा अवसर है।

सामूहिक कला प्रदर्शनी में तीन पीढ़ी के कलाकार एक मंच पर

अमृत विचार, लखनऊ : अलीगंज स्थित कला स्रोत आर्ट गैलरी में शनिवार को सामूहिक कला प्रदर्शनी शुरू हुई। अतिन दास, लक्ष्मा गौड़, अतिन बसाक, चन्द्र भूषण, धर्मेन्द्र कुमार, मिथुन दत्ता, एस प्रणाम सिंह, संदीप भाटिया, सुनील विश्वकर्मा और उमेन्द्र प्रताप सिंह की कृतियों की यह प्रदर्शनी 25 दिसम्बर तक चलेगी। आर्ट ओडिसी नाम की यह प्रदर्शनी मुख्य रूप से एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी के कला साधकों की जोड़ने की एक परंपरा है। इसमें तीन पीढ़ी के कलाकार एक साथ एक समय में एक ही मंच पर अपनी कृतियों का प्रदर्शन करने का प्रयास कर रहे हैं। इस प्रदर्शनी में उद्घाटन प्रो. जय कृष्ण अग्रवाल द्वारा किया गया। प्रदर्शनी में प्रमुख रूप से अनिल रिसाल सिंह, राकेश चंद्रा, टोनी सिंह, प्रो. आलोक कुशवाहा, रवि कुमार अग्रहरी, प्रेम कुमार एवं डॉ. प्रगति सिंह कला एवं शिल्प महाविद्यालय के छात्र एवं क्षेत्रीय ललित कला ओरिजिनल सेंटर में कार्य करने वाले कलाकार शामिल रहे।

एक बेतुके आदमी की अफ़राह रातें की हुई स्क्रीनिंग

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ बायोस्कोप ने शनिवार की शाम कैसरबाग स्थित सनतकदा में फ़िल्मिस्तान के अंतर्गत शरद राज द्वारा निर्देशित फ़िल्म एक बेतुके आदमी की अफ़राह रातें की स्क्रीनिंग की। कार्यक्रम की शुरुआत अयान बोस द्वारा दर्शकों का स्वागत करने और निर्देशक शरद राज को फ़िल्म का परिचय देने के लिए आमंत्रित करने से हुई। शरद राज ने फ़िल्म को एक स्वतंत्र, क्राउड-फ़ंडेड प्रोजेक्ट के रूप में प्रस्तुत किया। इस फ़िल्म की लगभग 90 प्रतिशत शूटिंग लखनऊ में की गई है। उन्होंने फ़िल्म के पीछे की प्रेरणा के बारे में भी दर्शकों से साझा किया।

नाटक आपरेशन सिन्दूर ने जगाई देशभक्ति की अलख

अमृत विचार, लखनऊ : सरोजनी नगर के गौरी रोड स्थित गौतम बुद्ध इंटर कॉलेज के वार्षिक उत्सव में शनिवार को देशभक्ति को जगाने वाला कार्यक्रम देखने को मिला। वन्देमातरम और भारत माता की जय के जयघोष के साथ आतंकवाद का सिर कुचलते भारतीय जवानों का अदम्य शौर्य ऑपरेशन सिंदूर की याद ताजा करा गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक सोमिल कुशवाहा और प्रधानाचार्या पिंकी शुक्ला ने चितरंजन महापात्रा एवं उनकी पत्नी और यूपी एजुकेशनल मिनिस्ट्रीयल ऑफिसर एसोसिएशन के अध्यक्ष लोकेश गुप्ता को पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर गौतम बुद्ध स्मृति सम्मान से अलंकृत किया। इस अवसर पर डॉ. रश्मि शर्मा, डॉ. अमित कुमार श्रीवास्तव आदि की मौजूदगी रही।

वक्फ पंजीकरण का समय बढ़ने पर जताया आभार

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश शिया सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड के चेयरमैन अली जैदी ने शनिवार को प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक़्फ़ एवं हज राज्यमंत्री दानिश आज़ाद अंसारी से मुलाक़ात कर उम्मीद पोर्टल के लिए 6 महीने का समय बढ़ाए जाने पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि औक़ाफ़ के पंजीकरण के लिए उम्मीद पोर्टल पर समय-सीमा बढ़वाने के लिए दानिश आजाद अंसारी ने पूरी संजीदगी, नीयत और तत्परता के साथ जो प्रयास किए, वह क़ाबिले-तारीफ़ हैं। अली जैदी ने कहा कि मंत्री दानिश आजाद की कोशिशों से ज़मीनी हक़ीक़तों को समझते हुए वक़्फ़ संस्थाओं को राहत मिलने की उम्मीद मज़बूत हुई है। उनका यह सहयोग वक़्फ़ प्रशासन को पारदर्शी, सुव्यवस्थित और आम मुतवल्लियों के लिए आसान बनाने की दिशा में एक अहम क़दम है।

भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय के शताब्दी समारोह के समापन संध्या कार्यक्रम मे रवींद्रनाथ टैगोर की प्रसिद्ध नृत्य नाटिका चित्रांगदा में प्रतिभाग करते कलाकार। ● अमृत विचार

भातखंडे विश्व का पथ प्रदर्शक : राज्यपाल

तीन दिवसीय शताब्दी समारोह का अंतिम दिन संगीत और नृत्य की अनुपम प्रस्तुतियों से मनमोहक रहा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय के शताब्दी समारोह का समापन राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने किया। तीन दिवसीय शताब्दी समारोह का अंतिम दिन संगीत और नृत्य की अनुपम प्रस्तुतियों से मनमोहक रहा। समारोह के अंतिम दिन राज्यपाल मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहीं और उन्होंने विश्वविद्यालय का औपचारिक समापन किया। विश्वविद्यालय पहुंचकर उन्होंने पहले विश्वविद्यालय की गौरवगाथा प्रदर्शित करने वाली वीथिका का अवलोकन किया।

कलामंडपम सभागार में कुलपति प्रो. मांडवी सिंह ने उन्हें अंगवस्त्र एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर अभिनंदन किया। विशिष्ट अतिथि समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण का भी स्वागत किया गया। समारोह में डॉ. पूनम श्रीवास्तव की पुस्तक भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय : एक सांगीतिक यात्रा का विमोचन किया गया। गायन विभाग की अध्यक्ष प्रो. सृष्टि माथुर को शोध एवं सांगीतिक संयोजन के लिए प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया। विश्वविद्यालय के गौरवगाथा और सांस्कृतिक योगदान पर आधारित लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई। समारोह में विश्वविद्यालय के प्रतीक-चिह्न के निर्माता डॉ. गौरी शंकर चौहान और विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं का सम्मान किया गया। स्वर वाद्य में स्वयं मिश्रा, नृत्य में वल्लरी नारायण पाठक, गायन में हर्ष शर्मा और तालवाद्य में आलोक मिश्र को प्रथम स्थान के लिए सम्मानित किया गया। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि विश्वविद्यालय न केवल देश, बल्कि सम्पूर्ण विश्व के लिए पथ-प्रदर्शक रहा है। उन्होंने अनूप जलोटा, नौशाद और पूर्णिमा पांडेय जैसे कलाकारों का उल्लेख किया और यह आयोजन भारत की सांस्कृतिक धरोहर का संदेश देता है।

विशिष्ट अतिथि असीम अरुण ने भातखंडे जी को नमन किया। उन्होंने कहा कि पं. विष्णु नारायण भातखंडे द्वारा रोपा गया बीज आज वटवृक्ष बन गया है। उन्होंने शाम-ए-अवध जैसे सांस्कृतिक आयोजनों और ओपन एयर थियेटर की आवश्यकता पर जोर दिया, जिसे हर जिले में शुरू किया जाना चाहिए।

समापन दिवस की संगोष्ठी में बनारस घराने के सुप्रसिद्ध तबला वादक पं. संजू सहाय ने ओजस्वी तबला वादन प्रस्तुत किया। उन्होंने घराने की परंपरा और तीन ताल में सशक्त तबला वादन के साथ जोगिया गीत पर प्रस्तुति दी।

दूसरे सत्र में पद्मश्री शोवना नारायण ने कथक नृत्य प्रस्तुत किया। उन्होंने महाभारत प्रसंग, श्रीकृष्ण के रणभूमि आगमन, चौसर पर पांडवों की पराजय और द्रौपदी चीर-हरण को भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया। प्रस्तुति में ना-धिन-धिन-ना की तिहाई, वर्षा की कल्पना और राधा-कृष्ण का आनंदमय नृत्य दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर गया।

स्वयं मिश्रा को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करतीं राज्यपाल आनन्दी बेन पटेल। अमृत विचार

गजल गाते पदमश्री हरिहरन अनंथा सुब्रमणि।

संजू का तबला, हरिहरन की गायकी व शोवना का कथक रहा आकर्षण

■ **अमृत विचार, लखनऊ :** भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय के शताब्दी समारोह की समापन संध्या पर बनारस घराने के तबला वादक संजू सहाय, पद्मश्री शोवना नारायण का कथक नृत्य और हरिहरन के गजल गायन का आकर्षण बिखरा। संजू सहाय ने अपने एकल तबला वादन में पंडित राम सहाय की रचना से अपना कार्यक्रम शुरू किया। तबले पर थिरकती उनकी उंगलियों के जादू का हर कोई कायल नजर आया। उनके साथ पंडित धर्मनाथ मिश्र हारमोनियम पर संगत कर रहे थे। तबला वादन के बाद पद्मश्री शोवना नारायण के कथक नृत्य का आकर्षण देखने को मिला। अंतिम आकर्षण था प्रख्यात गजल गायक हरिहरन का गायन। हरिहरण ने सुनाया रंजिश ही सही दिल को दुखाने के लिए आ, आ फिर से मुझे छोड़ के जाने के लिए आ। रंग कितने थे कोई रास न आया उसको ... को लोगों ने खूब पसंद किया। उनकी यह गजल भी लोगों ने खूब पसंद की लोग कहते हैं अजनबी तुमको, अजनबी तेरी जिन्दगी तुमको। हरिहरन की गजलों का जादू देर रात तक लोगों के सर चढ़कर बोला।

'दया का घर' में चल रहा ईसा मसीह के जन्म का उत्सव

ईसा मसीह के जन्म उत्सव समारोह में शामिल लोग। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः बेतहसदा फैलोशिप ट्रस्ट (दया का घर) की ओर से ईसा मसीह का जन्म उत्सव का आयोजन मोहान के पास स्थित घुरामऊ में किया गया। मुख्य अथिति आर्च बिशप डॉ. आरसी शेत ने जनसभा को दिए संबोधन में कहा कि यीशु मसीह ने जनमानस के कल्याण और मानव जीवन बचाने के लिए बेतलहम नामक एक गांव की गौशाला में पैदा हुए और उनको चरनी जैसे स्थान में लिटाया गया, जो ईश्वर दुनिया का सृजन हार है वह मानव पाप के लिए और पापों को जड़ से समाप्त करने, शांति स्थापित करने और पाप के दासता से मानव को मुक्ति देने के लिए लिए स्वयं स्वर्ग से उतर कर एक इंसान के रूप में जन्म लिया और अपना जीवन मानव कल्याण के लिए दे दिया, ताकि आकाश में परमेश्वर की महिमा और मनुष्यों में शांति स्थापित हो। उन्होंने कहा कि आज हम ईसा मसीह का जन्म उत्सव का आयोजन कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न कार्यक्रमों, गीतों और सामूहिक नृत्यों द्वारा मसीह की महिमा का बखान किया।

मुख्य वक्ता ने मसीह के जन्म लेने के रहस्यों और ईश्वर के उद्धार की योजना मानव जाति का कल्याण करने वाले संदेश सुनाए। दया का घर में इस तरह के कार्यक्रम 25 दिसम्बर तक प्रतिदिन लगभग दस अलग अलग स्थानों पर आयोजित किये जा रहे हैं।

रोडवेज कर्मचारियों ने संत गाडगे को किया स्मरण

अमृत विचार, लखनऊ : संत गाडगे महाराज के परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर चारबाग बस स्टेशन परिसर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कर्मचारी नेता रूपेश कुमार सहित रोडवेज के अधिकारियों और कर्मचारियों ने संत गाडगे महाराज के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में मो. रिजवान, मो. अशरफ, विवेक मिश्रा, अनुज कुमार तिवारी, सै. रियाज अली, विवेक सिंह, पवन यादव सहित अनेक कर्मचारी उपस्थित रहे। कर्मचारी नेता रूपेश कुमार ने कहा कि संत गाडगे महाराज ने स्वच्छता को अपना जीवन मिशन बनाया और लगभग 50 वर्षों तक समाज को स्वच्छता, समानता और मानव सेवा का संदेश दिया। वे मानव सेवा को ही ईश्वर सेवा मानते थे। उनके विचार आज भी समाज को सही दिशा दिखाने का काम करते हैं।

डॉ. अंबेडकर सामाजिक एकता मंच ने प्रस्तुत किए विचार

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. अंबेडकर सामाजिक एकता मंच के तत्वावधान में संत गाडगे महाराज के परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर बुद्ध मंदिर, मार्टिन पुरवा, हजरतगंज में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि संत गाडगे महाराज अपने प्रवचनों में संत कबीर के दोहों का प्रयोग करते थे और अपने उपदेशों को स्वयं अपने जीवन में अपनाते थे। उन्होंने कहा कि संत गाडगे महाराज डॉ. भीमराव अंबेडकर से अत्यधिक प्रभावित थे और लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक करते थे। उन्होंने समाज को स्वच्छता, शिक्षा और आत्मनिर्भरता का संदेश दिया। इस अवसर पर गरिमा, आशीष कुमार, मुन्नी देवी, सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

डॉ. अनीता की 51 किताबों का एक साथ विमोचन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

● **समारोह में सुरिंदर अग्रवाल को विजय दिवस पर 350 पूर्व सैनिकों और 16 शहीद परिवारों के सम्मान के लिए विशेष सम्मान प्रदान किया गया**

अमृत विचार : अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान के प्रेक्षागृह में डॉ. अनीता सहगल वसुंधरा द्वारा रचित 51 पुस्तकों का एक साथ विमोचन किया गया। लता फाउंडेशन एवं ब्लू टर्टल प्रोडक्शंस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस आयोजन में मेगा पुस्तक विमोचन, वर्ल्ड रिकॉर्ड सम्मान समारोह और प्रतिभा श्री सम्मान - सीजन 2 का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एमएलसी पवन सिंह चौहान रहे। कार्यक्रम की शुरुआत किसी औपचारिक दीप प्रज्ज्वलन से अधिक एक साहित्यिक घोषणा जैसी थी। डॉ. अनीता सहगल वसुंधरा की 51 पुस्तकों का एक साथ विमोचन हुआ। यह केवल पुस्तकों का विमोचन नहीं था, बल्कि उस सतत साधना का सार्वजनिक उत्सव था, जिसमें लेखन को जीवन और जीवन को लेखन बनाया गया।

विविध विधाओं कविता, कहानी, सामाजिक विमर्श, आत्मचिंतन और प्रेरक साहित्य पर आधारित ये पुस्तकें अनीता सहगल की 51 पुस्तकें लिखने का विश्व रिकॉर्ड प्रदान किया गया। यह रिकॉर्ड न केवल संख्या का था, बल्कि लेखन की निरंतरता, अनुशासन और विचारशीलता का भी रहा। कार्यक्रम का दूसरा प्रमुख चरण वर्ल्ड रिकॉर्ड सम्मान समारोह रहा। एक्सक्लूसिव वर्ल्ड रिकॉर्ड्स और किंग्स बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के अंतर्गत भारत और नेपाल से आईं असाधारण उपलब्धियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. अनीता सहगल वसुंधरा को वर्ल्ड रिकॉर्ड और किंग्स बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की अमैजिंग ब्रिलियंस श्रेणी में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सबसे कम उम्र की रिकॉर्ड धारक आरिबा अय्यूब शेख ने भी सबका ध्यान खींचा, जिन्होंने महज 6 वर्ष की आयु में भारतीय संविधान के 100 अनुच्छेदों का पाठ कर विश्व रिकॉर्ड बनाया।

समारोह में सुरिंदर अग्रवाल को विजय दिवस पर 350 पूर्व सैनिकों और 16 शहीद परिवारों के सम्मान के लिए विशेष सम्मान प्रदान किया गया, जबकि नेपाल के मिलन गुरु को स्वास्थ्य सेवाओं, सामुदायिक विकास और मानवीय प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया।

ऊर्जा संरक्षण का अर्थ ऊर्जा की बर्बादी को रोकना

अमृत विचार, लखनऊ : इशरे लखनऊ के तत्वावधान में ऊर्जा संरक्षण और डीकार्बोनाइजेशन विषयक सेमिनार शनिवार को एक होटल में आयोजित किया गया। इसमें संस्था के सदस्यों के साथ- साथ शहर के वास्तुविद एवं अभियंता शामिल हुए। इसमें पर्यावरण के दुष्प्रभाव एवं आम जनमानस के कल्याण पर विस्तार से चर्चा की गई। आयोजन में यूपी पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंता इलेक्ट्रिकल एंड मैकेनिकल यूके सिंह मुख्य अतिथि और यूपी राजकीय निर्माण निगम के महाप्रबंधक समीर गुप्ता एवं एकेटीयू की प्रधानाचार्य वंदना सहगल को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। सेमिनार में आईआईटी रुड़की के स्वर्ण पदक से अलंकृत वास्तुकार अशोक कुमार, एमईपी सर्विस डिजाइन के निदेशक संदीप गोयल सहित मोहम्मद आबिद हुसैन, फरहीन बानो, रवि शंकर कुमार उपस्थित रहे।

आयोजन | राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन का 78वां वार्षिक महाधिवेशन

भविष्य आईटी का, बढ़ाएं तकनीकी दक्षता : डॉ. आशीष

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः आने वाला समय आईटी का है, हम सभी को अपनी तकनीकी दक्षता को बढ़ाना होगा। इसके लिए कॉरपोरेशन की ओर से विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। जल्दी ही कार्मिकों को बेहतर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। यह बात राजधानी के रविन्द्रालय में आयोजित राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन उत्तर प्रदेश के 78वां वार्षिक महाधिवेशन में शनिवार को पॉवर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल ने कही।

उन्होंने कहा कि वे यहां केवल औपचारिक बातें करने नहीं आए हैं, बल्कि कॉरपोरेशन की वर्तमान स्थिति और चुनौतियों से सभी को अवगत कराने आए हैं। उन्होंने कॉरपोरेशन की वित्तीय स्थिति पर चिंता व्यक्त की। कहा कि वर्तमान में कॉरपोरेशन पर लगभग 55,000 करोड़ रुपये का घाटा है। इतना बड़ा घाटा किसी भी राज्य सरकार के लिए लंबे समय तक वहन करना संभव नहीं है, इसलिए हम सभी को मिलकर इस घाटे को कम करने का प्रयास करना होगा। उन्होंने अवर अभियंता संवर्ग की जायज मांगों और समस्याओं पर पदाधिकारियों के साथ अलग से बैठक कर समाधान किए जाने को लेकर आश्वस्त किया। साथ ही उन्होंने यह भी घोषणा की कि शीघ्र ही अवर अभियंता से सहायक अभियंता और सहायक अभियंता से अधिशासी अभियंता पद पर प्रोन्नति की जाएगी।

संगठन का मांग पत्र रखते हुए केंद्रीय महासचिव इं. बलवीर यादव ने कहा कि वर्तमान प्रबंधन की ओर से अवर अभियंता संवर्ग को प्रताड़ित करने की नीयत से लिए जा रहे निर्णयों पर तत्काल रोक लगाई जानी चाहिए। इं. आरके त्रिवेदी ने उत्तराखंड के पैटर्न पर अवर अभियंता संवर्ग के लिए 4800 ग्रेड वेतन समाप्त करने की मांग की।

वार्षिक महाधिवेशन में बोलते डॉ. आशीष कुमार गोयल। अमृत विचार

एक्यूआई कम करने को आईक्यू लगाइए...

■ राज्य विद्युत परिषद् जूनियर इंजीनियर संगठन की ओर से रविन्द्रालय में हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन व्यंग्य कवि राकेश वाजपेयी की ओर से किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता हास्य कवि अशोक झंझटी ने की। मंच का संचालन मुकुल महान ने किया। मुख्य अतिथि शिक्षाविद और समाजसेवी शिव शंकर अवस्थी रहे। शुभारंभ कुमारी कलश त्रिपाठी की ओर से प्रस्तुत वाणी वंदना से हुआ। कवियों और कवयित्रियों ने हास्य, व्यंग्य, सामाजिक सरोकार और मानवीय संवेदनाओं से परिपूर्ण काव्य पाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कवियों में पंकज प्रसून, मुकुल महान, अरविन्द झा, सुनयना त्रिपाठी और शिखा श्रीवास्तव प्रमुख रहे। कार्यक्रम का समापन इं. दीपक शर्मा ने किया।

सिटी डायरी

लखनऊ में 30 फीट का ऊंचा सांता क्लॉज बना आकर्षण का केंद्र

30 फीट का ऊंचा सांता क्लॉज।

अमृत विचार, लखनऊ : गोमतीनगर स्थित फन रिपब्लिक मॉल में क्रिसमस के माहौल को जीवंत करने के लिए 30 फीट ऊंचा सांता क्लॉज स्थापित किया गया है। 30 फीट ऊंचाई और 24 फीट चौड़ाई वाला यह विशालकाय सांता क्लॉज मॉल की क्रिसमस सजावट का प्रमुख आकर्षण है। लाल और सफेद रंगों के सिग्नेचर ड्यूल टोन में तैयार यह कलात्मक संरचना अपने शानदार और आकर्षक फिनिश के साथ क्रिसमस की खुशी को बढ़ाने वाली है। इस सांता क्लाज का उद्घाटन जानी-मानी मॉडल सलोनी अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर फन रिपब्लिक मॉल के जनरल मैनेजर अश्विनी सिंह ने कहा कि क्रिसमस खुशियों, आपसी मेल-जोल और साझा आनंद का पर्व है। उन्होंने बताया कि फन रिपब्लिक मॉल हमेशा से ही परिवारों और हर आयु वर्ग के आगंतुकों के लिए ऐसे अनुभव रचने का प्रयास करता रहा है, जो मुस्कान और यादगार पलों का कारण बनें।

मौलाना कल्बे जवाद।

मौलाना कल्बे जवाद को मिला ईरान का इमाम खुमैनी अवार्ड

अमृत विचार, लखनऊ : प्रमुख शिया धर्मगुरु मौलाना कल्बे जवाद को ईरान में पहले इमाम खुमैनी अवार्ड से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान ईरान के राष्ट्रपति डॉ. मसूद पेजेशकियान तथा इमाम खुमैनी के पौत्र मौलाना सैय्यद हसन खुमैनी ने प्रदान किया। इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय सम्मान से मौलाना सैयद कल्बे जवाद नक़वी की धार्मिक और सामाजिक सेवाओं को अंतरराष्ट्रीय मान्यता मिली है। मौलाना कल्बे जवाद ने हमेशा हक़, इंसाफ़, भाईचारे और मज़लूमों के हक़ में अपनी आवाज उठाई है। उत्तर प्रदेश शिया सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष अली जैदी ने कहा है कि यह अवॉर्ड भारत और ईरान के ऐतिहासिक रिश्तों और शिया समाज के रूहानी व फ़िक्री ताल्लुक़ात को और मज़बूत करेगा।

कथा सुनाते पं. विनोदानंद शास्त्री।

वन गमन सुनकर भाव विभोर हुए भक्त

अमृत विचार, लखनऊ : कमता स्थित शंकरपुरी कालोनी में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में शनिवार को कथा व्यास महंत पं. विनोदानंद शास्त्री ने राम के वनगमन का प्रसंग सुनाकर भक्तों को भावविभोर कर दिया। कथा के क्रम में शास्त्री जी ने राजा दशरथ का पुत्र वियोग में प्राण त्यागना और अयोध्या की व्याकुलता का सजीव चित्रण किया। जब उन्होंने चित्रकूट में राम, भरत और सीता के अलौकिक मिलन का वर्णन किया तो पंडाल में मौजूद श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। विशेष रूप से राम तेरी गंगा जी में जब बहेंगे नयन हमारे, तब तो राम मिलेंगे... भजन सुनाया श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे। कथा के अंत में आरती हुई और भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया।

जानकारी देते प्रख्यात रंगकर्मी और फिल्म अभिनेता डॉ. अनिल रस्तोगी।

डॉ. अनिल का 100वां नाटक होगा बियांड द कर्टन

अमृत विचार, लखनऊ : नाट्य संस्था दर्पण आगामी 22 दिसम्बर को नाटक बियॉन्ड द कर्टन का मंचन करेगी। यह प्रख्यात रंगकर्मी और फिल्म अभिनेता डॉ. अनिल रस्तोगी का 100वां नाटक होगा। वर्तमान में नाटक के पूर्वाभ्यास चल रहे हैं। नाटक की निर्देशक मुस्कान ने बताया कि बियॉन्ड द कर्टन उनके कलात्मक सफर में विशेष स्थान रखता है। यह नाटक डॉ. अनिल रस्तोगी से हुई मुलाकात से उपजा है।

सिटी ब्रीफ

नर्सिंग कैडेटों के 12वें बैच की शुरुआत

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ छावनी स्थित एएमसी सेंटर एवं कॉलेज के मेजर लैशराम ज्योतिन सिंह एसी ऑडिटोरियम में शनिवार को कमान अस्पताल स्थित नर्सिंग कॉलेज के बीएससी नर्सिंग कैडेटों के 12वें बैच का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर एएमसी सेंटर एवं कॉलेज के कमांडेंट, ओआईसी रिकॉर्ड्स और एएमसी के कर्नल कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल शिवेंद्र सिंह मुख्य अतिथि थे। मध्य कमान अस्पताल के कमांडेंट मेजर जनरल आलोक भल्ला ने नर्सिंग कैडेटों को चुनौतियों का सामना करने, अपने प्रशिक्षण की जिम्मेदारियों के सम्यक निर्वहन के लिए प्रोत्साहित किया। शिक्षक से शिष्य को ज्ञान, कौशल और दृष्टिकोण का प्रकाश सौंपने का समारोह लखनऊ छावनी के वरिष्ठ अधिकारियों, उनकी पत्नियों, नागरिक नर्सिंग सहकर्मियों और अभिभावकों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। नवोदित नर्सों ने नर्सिंग पेशे के प्रति अपनी निष्ठा की शपथ ली।

भाषा विवि में परीक्षाएं सम्पन्न, जनवरी में परिणाम

अमृत विचार, लखनऊ : ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में 1 दिसंबर से 20 दिसंबर तक दो पालियों में आयोजित परीक्षाएं संपन्न हुईं। परीक्षाओं के परिणाम 5 जनवरी तक घोषित कर दिए जाएंगे, जिससे विद्यार्थियों को समय पर आगे की शैक्षणिक योजना बनाने में सुविधा प्राप्त होगी। इस महत्वपूर्ण कार्य में नियंत्रक परीक्षा विकास, केंद्राध्यक्ष डॉ. आर. आर. के. त्रिपाठी, डॉ. हेमंत, दिगेश, डॉ. उधम सिंह, डॉ. प्रीति नवल, डॉ. नीरज शुक्ला एवं प्रत्येक नोडल, प्रशासनिक स्टाफ का उल्लेखनीय योगदान रहा।

अनुरुद्ध और अनुज में होगी खिताबी टक्कर

अमृत विचार, लखनऊ : 23वीं एल्डिको कप प्राइजमनी टेनिस टूर्नामेंट में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अनुरुद्ध और अनुज ने अंडर-18 बालक एकल वर्ग के फाइनल में प्रवेश किया। अब खिताबी मुकाबले में दोनों खिलाड़ी आमने-सामने होंगे। एसडीएस टेनिस अकादमी की देखरेख में लामार्टिनियर कॉलेज स्थित लामार्टिनियर लॉन टेनिस फैसिलिटी में आयोजित इस टूर्नामेंट की कुल पुरस्कार राशि एक लाख रुपये है। प्रतियोगिता में उभरते खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन कर दर्शकों को प्रभावित किया। अंडर-18 बालक एकल के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में अनुरुद्ध ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए अंश सक्सेना को एकतरफा मुकाबले में 7-1 से पराजित कर फाइनल में जगह पक्की की।

कल से शुरू होंगे हॉकी ट्रायल

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय और यूपी हॉकी संघ के संयुक्त देखरेख में राज्य स्तरीय जूनियर बालक हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन 26 से 31 दिसंबर तक किया जाएगा। प्रतियोगिता के सभी मुकाबले गोमती नगर स्थित विजयंत खंड स्टेडियम में बने मो. शाहिद हॉकी टर्फ पर खेले जाएंगे। प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से लगभग दो दर्जन से अधिक टीमें भाग लेंगी। क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अतुल सिन्हा ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाली लखनऊ हॉकी टीम के चयन के लिए ट्रायल आयोजित किए जाएंगे। ये चयन ट्रायल गोमती नगर स्थित विजयंत खंड स्टेडियम में होंगे। उन्होंने बताया कि 22 दिसंबर को जिला स्तरीय चयन ट्रायल तथा 23 दिसंबर को मंडल स्तरीय चयन ट्रायल आयोजित किए जाएंगे।

रीग्रेजुएशन सेरेमनी में खुशी प्रकट करते पूर्व छात्र। अमृत विचार

कक्षा में समस्या हल करते पूर्व छात्र।

स्मृतियां सहेजने जुटे आईआईएम के पूर्व छात्र

नॉस्टेल्जिया-2025 में जुटे देश-विदेश के पूर्व छात्र, तीन दशक पुराने मित्रों से मिलकर खिले चेहरे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) ने अपने 41 वर्षों की शैक्षिक यात्रा का जश्न 'नॉस्टेल्जिया-2025' कार्यक्रम के माध्यम से मनाया। इस अवसर पर 'रूट्स एंड विंग्स' आयोजन में 1995, 2000, 2005, 2010 और 2015 बैच के पूर्व छात्र देश-विदेश से पहुंचे। तीन दशक पुराने दोस्तों से मिलकर सभी ने छात्रजीवन की यादों में खोए। कार्यक्रम की शुरुआत कैंपस टूर से हुई, जिसमें पूर्व छात्रों ने कक्षाएं, छात्रावास और परिसर के प्रमुख स्थल देखे।

तीन दशक पुराने छात्रों को कक्षा में पढ़ाते शिक्षक।

उद्घाटन सत्र में निदेशक प्रो. एमपी गुप्ता ने कहा कि विभिन्न देशों से पूर्व छात्रों की उपस्थिति हमारे वैश्विक एलुमनी नेटवर्क की मजबूती को दर्शाती है। उन्होंने वर्तमान बैच के छात्रों को मेंटर करने और एलुमनी सहभागिता को बेंगलुरु और मुंबई तक बढ़ाने का मार्गदर्शन दिया। चेयरपर्सन एलुमनी अफेयर्स प्रो. राजेश के. ऐथल ने कहा कि यह आयोजन सिर्फ पुनर्मिलन नहीं, बल्कि उन यादों और अनुभवों को जीने का अवसर है, जिन्होंने हमारी यात्राओं को आकार दिया। कार्यक्रम में बैच वॉर्स, खेल प्रतियोगिताओं के साथ ही प्रो. आर. के. श्रीवास्तव (रॉकी सर) ने केस स्टडी और समस्या हल करने की कक्षा लगाई। रीग्रेजुएशन सेरेमनी में पूर्व छात्रों ने दीक्षांत परिधान पहनकर पुरानी यादें ताजा कीं। दुनिया भर में कार्यरत 300 से अधिक पूर्व छात्रों ने सहभागिता की, जिनमें प्रमुख प्रोफेशनल्स, आईटी एक्सपर्ट और सीईओ शामिल थे। इस कार्यक्रम ने तीन दशक की मित्रता, अनुभव और वैश्विक नेटवर्क की ताकत को प्रदर्शित किया।

विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था नारा नहीं, हकीकत है

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अमेरिकी टैरिफ का भारत को मामूली नुकसान, दीर्घकालिक फायदा
- भारत अब दुनिया का आर्थिक लांचिंग पैड बना

अमृत विचार : भारत अब दुनिया का आर्थिक लांचिंग पैड बन चुका है और इसके बिना किसी भी देश का काम आसान नहीं रहेगा। हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुके हैं। यह केवल राजनीतिक नारा नहीं, बल्कि अब हकीकत है। यह कहना है भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), लखनऊ के पूर्व छात्रों का, जो संस्थान के नॉस्टेलजिया-2025 कार्यक्रम में भाग लेने देश-विदेश से लखनऊ पहुंचे थे।

कैलिफोर्निया से आए मदन कुमार मुट्टू ओरो लैब्स नामक सॉफ्टवेयर कंपनी का संचालन कर रहे हैं। वह चेन्नई के निवासी हैं और आईआईएम लखनऊ के 1995 बैच के छात्र रहे हैं। उनका कहना है कि अमेरिकी टैरिफ का भारत पर अल्पकालिक असर जरूर पड़ेगा, लेकिन दीर्घकाल में भारत को इसका लाभ मिलेगा। अमेरिका को भी सस्ते और गुणवत्तापूर्ण उत्पादों की जरूरत है, जिसे भारत उपलब्ध करा सकता है। बेंगलुरु से आए प्रसाद आचार्य, जो 1995 बैच के छात्र रहे हैं, वर्तमान में कैपजेमिनी आईटी कंपनी में वरिष्ठ पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि भारत अब दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था है और चीन से प्रतिस्पर्धा करने की स्थिति में आ चुका है। भारत ने यूके और जापान को पीछे छोड़ दिया है, जो वैश्विक स्तर पर देश की मजबूत स्थिति को दर्शाता है। मदन कुमार मुट्टू ने बताया कि अमेरिका की सबसे बड़ी जरूरत भारतीय प्रतिभाओं की है। वहां कुशल वर्कफोर्स की भारी मांग है और भारत स्टार्टअप के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। अमेरिका में रहने वाले कई भारतीय अब भारत लौटकर यहां अपनी कंपनियां शुरू करने की योजना बना रहे हैं।

एस्पेरांजा में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कार्यक्रम के दौरान आयोजित छात्र कला प्रदर्शनी विशेष आकर्षण का केंद्र रही

अमृत विचार : डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में शुक्रवार को संस्थान के प्रतिष्ठित वार्षिक सांस्कृतिक एवं छात्र गतिविधि महोत्सव 'एस्पेरांजा 5.0' का आयोजन हुआ। जिसमें संस्थान के वरिष्ठ अधिकारी, संकाय सदस्य, चिकित्सक, छात्र एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मौजूद निदेशक डॉ. सीएम सिंह ने कहा एस्पेरांजा केवल सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भावी चिकित्सकों के व्यक्तित्व, संवेदनशीलता और रचनात्मक सोच को विकसित करने का सशक्त मंच है।

छात्र गतिविधि क्लबों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। नटराज क्लब की पारंपरिक नृत्य प्रस्तुति, नाद ब्रह्मा – द म्यूजिक क्लब द्वारा प्रस्तुत रेट्रो समूह गीत, दर्पण क्लब की भावनात्मक नाट्य प्रस्तुति, वाद्य यंत्रों की जुगलबंदी तथा दृष्टिकोण क्लब द्वारा निर्मित "लीगेसी ऑफ एस्पेरांज़ा" वीडियो ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम के दौरान आयोजित छात्र कला प्रदर्शनी विशेष आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें स्केचिंग, पेंटिंग, डूडलिंग, क्विलिंग एवं रिले आर्ट की उत्कृष्ट कृतियां प्रदर्शित की गईं। अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर छात्रों की प्रतिभा की प्रशंसा की।

प्रदर्शनी में दिखी विद्यार्थियों के हौसलों की उड़ान

एनसीसी ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर ने देखी प्रदर्शनी, छात्र-छात्राओं के कार्यों की सराहना की

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः गोमती नगर स्थित स्कॉलर्स होम स्कूल में साइंस एंड आर्ट एग्ज़िबिशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनसीसी ग्रुप कमांडर लखनऊ ब्रिगेडियर पुनीत श्रीवास्तव रहे।

विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों की रचनात्मकता, नवाचार से जुड़ी इस प्रदर्शनी में विज्ञान, कला, गणित एवं पर्यावरण से संबंधित विभिन्न मॉडल, चार्ट एवं प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए गए और पूरे आत्मविश्वास के साथ अपने विचार अभिभावकों एवं अतिथियों के समक्ष रखे। मुख्य अतिथि एनसीसी ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर पुनीत श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनी से छात्रों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन तथा व्यावहारिक ज्ञान के विकास में सहायक होती हैं। विद्यालय की निदेशक सरिता जायसवाल ने कहा कि साइंस एंड आर्ट एग्ज़िबिशन विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा और रचनात्मक सोच को प्रदर्शित करने का उत्कृष्ट अवसर प्रदान करती है। प्रधानाचार्या अनुपम सिंह ने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के सामूहिक प्रयासों की प्रशंसा की। अभिभावकों एवं आगंतुकों ने छात्रों के प्रयासों की प्रशंसा की। विद्यालय प्रबंधन ने इस सफल आयोजन के लिए सभी शिक्षकों, छात्रों एवं सहयोगियों को बधाई दी।

प्रदर्शनी का अवलोकन करते मुख्य अतिथि एनसीसी ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर पुनीत श्रीवास्तव।

भारत और तंजानिया के माध्यमिक विद्यालयों पर शोध हुआ पूरा

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के शिक्षाशास्त्र विभाग के छात्र न्यांडा बेंजामिन ने प्रथम अंतरराष्ट्रीय शोधार्थी के रूप में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) की उपाधि प्राप्त की है। उनका शोध कार्य प्रशासनिक नेतृत्व एवं शैक्षिक डिजिटलीकरण विषय पर पूर्ण हुआ। यह शोध डॉ. किरण लता डंगवाल के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस अध्ययन में भारत और तंजानिया के माध्यमिक विद्यालयों में डिजिटल तकनीकों के प्रभावी उपयोग पर प्रशासनिक नेतृत्व की भूमिका का विश्लेषण किया गया।

शोध निष्कर्षों से यह स्पष्ट हुआ कि डिजिटल अवसंरचना और राष्ट्रीय शिक्षा नीतियां आवश्यक तो हैं, परंतु उनका सार्थक व सतत उपयोग सशक्त और सहयोगी विद्यालय नेतृत्व पर निर्भर करता है।

पर्यावरणविदों ने कहा, पशु हमारे प्रथम आदर्श और शिक्षक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः नेशनल पीजी कॉलेज में पर्यावरण जीओपॉलिटिक्स पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में प्लेनरी व्याख्यान व समानांतर तकनीकी सत्र आयोजित किए गए। प्रो. श्रुति दास ने जलवायु संकट के दौर में मानव-अमानव संबंधों के गहरे मनोवैज्ञानिक और सांस्कृतिक आयामों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पशु हमारे प्रथम आदर्श और शिक्षक रहे हैं, जिन्होंने भाषा, रूपकों और संवेदनाओं के माध्यम से मानव मस्तिष्क को आकार दिया है। जब हम उन्हें खोते हैं, तो केवल प्रजातियाँ ही नहीं, बल्कि अपने आंतरिक संसार के वे हिस्से भी खो देते हैं जो हमारे घरों, कहानियों, स्वप्नों और आत्मबोध में निवास करते हैं।

इटली की प्रो. आंद्रेया लावात्सा ने इटली के एमिलिया-रोमाग्ना क्षेत्र के बाढ़ पीड़ितों पर अपना शोध प्रस्तुत किया। जिसमें जलवायु-जनित आपदाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों को रेखांकित किया गया। प्रो. राधावल्लभ त्रिपाठी, पूर्व कुलपति, राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान ने भारतीय ज्ञान परंपराओं से पारिस्थितिक चेतना पर दार्शनिक और सभ्यतागत दृष्टिकोण प्रस्तुत किए।

अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में जुटे देश विदेश के विशेषज्ञ।

- मनोविज्ञान, भू-राजनीति, पारिस्थितिकी व संस्कृति के माध्यम से जलवायु परिवर्तन पर हुआ मंथन

इन्होंने भी रखे पर्यावरण पर विचार

- प्रो. उमेश कुमार मंडल (त्रिभुवन विश्वविद्यालय, काठमांडू, नेपाल), डॉ. रवि गोपाल सिंह (बीसा), डॉ. अजीत कुमार शासनी, निदेशक, सीएसआईआर-राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान, डॉ. सुभाष पालेकर, प्रो. भारती पांडेय।

देश-विदेश से समारोह में पहुंचे एपीएस नेहरू रोड के छात्र

अमृत विचार, लखनऊः आर्मी पब्लिक स्कूल नेहरू रोड पूर्व छात्र संघ द्वारा पूर्व छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें देश-विदेश से आए पूर्व छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रथम चरण में आर्मी पब्लिक स्कूल नेहरू रोड का भ्रमण एवं औपचारिक कार्यक्रम, तथा द्वितीय चरण में पूर्व छात्र मिलन भोज का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में ब्रिगेडियर श्रीरंग एस मूले अध्यक्ष, एपीएस नेहरू रोड मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण वर्ष 2000 बैच की रजत जयंती उत्सव रहा। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षकों का सम्मान किया गया तथा विद्यालय की गौरवशाली परंपराओं, मूल्यों एवं संस्कृति को स्मरण किया गया। पूर्व छात्र संघ के प्रतिनिधियों ने अपने संबोधन में विद्यालय द्वारा प्रदत्त अनुशासन, नैतिकता एवं सेवा भाव जैसे मूल्यों को रेखांकित करते हुए विद्यालय के सर्वांगीण विकास में रचनात्मक योगदान देने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

सिटी डायरी

फेशर्स पार्टी में भावी इंजीनियरों ने बांधा समां।

फेशर्स पार्टी में भावी इंजीनियरों ने दिखाई प्रतिभा

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर एडवांस स्टडीज के बीटेक प्रथम वर्ष के नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं और एमटेक के छात्रों ने फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय ने पार्टी का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने छात्रों से कहा कि बीटेक प्रथम बैच के छात्र होने के नाते आप सबकी जिम्मेदारी भी ज्यादा है। जैसी संस्कृति आप बनायेंगे वैसे ही आगे के बैच उसका पालन करेंगे। इस मौके पर छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों से अपने प्रतिभा का परिचय दिया। किसी ने फिल्मी गानों पर नृत्य किया तो किसी ने गाना गाया। कार्यक्रम में प्रतिकुलपति प्रो. राजीव कुमार, वित्त अधिकारी केशव सिंह, सरोज पाण्डेय, वित्त एवं लेखाधिकारी यामिनी जैन डॉ. सौरभ मिश्रा, डॉ. सिद्धार्थ यादव डॉ. एवी उल्लास, डॉ. विजय सिंह सहित अन्य शिक्षक, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

वार्षिकोत्सव के मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि व अन्य।

कार्यक्रम का उद्घाटन करते मंत्री जयवीर सिंह व अन्य।

थॉमस एकेडमी में मना वार्षिकोत्सव

अमृत विचार, लखनऊ : थॉमस एकेडमी में वार्षिकोत्सव और क्रिसमस का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। स्कूल परिसर पूरे दिन उत्सव के रंग में रंगा रहा। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और प्रार्थना के साथ हुई। समारोह में डॉ. नवीन सिंह प्रिंसिपल क्रिश्चियन डिग्री कॉलेज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि डॉ. डोरिस सिंह ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। छात्रों ने क्रिसमस कैरल्स, मनमोहक नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रभु यीशु के जन्म की झांकी और सांता क्लॉज के आगमन ने बच्चों व अभिभावकों में विशेष उत्साह भर दिया। मुख्य अतिथि डॉ. नवीन सिंह ने अपने संबोधन में विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों की सराहना करते हुए छात्रों को उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया।

सीएमएस में 'वार्षिक समारोह' का हुआ आयोजन

अमृत विचार, लखनऊ : सिटी मोन्टेसरी स्कूल, महानगर कैम्पस द्वारा 'वार्षिक समारोह' का आयोजन सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि जयवीर सिंह, पर्यटन मंत्री ने दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सीएमएस छात्र सम्पूर्ण समाज में शान्ति व सौहार्द की भावना को आगे बढ़ाने में महती भूमिका निभा रहे हैं। संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गांधी ने कहा कि सीएमएस द्वारा ऐसे प्रयास किये जा रहे हैं जिससे प्रत्येक बालक को घर व विद्यालय दोनों जगह विश्व एकता व विश्व शान्ति के विचार मिल सके।

उपलब्धि राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में लखनऊ का दबदबा, टीएलएम मॉडल का लखनऊ मंडल ने किया सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

अभिषेक, दिशा और सना ने जीता राज्य बाल वैज्ञानिक पुरस्कार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में लखनऊ मंडल के प्रतिभागियों ने जोरदार प्रदर्शन किया है। इस प्रदर्शनी का आयोजन वाराणसी के पीएमश्री राजकीय क्वींस इंटर कॉलेज में किया गया। वाराणसी में 16 से 19 दिसम्बर को आयोजित हुई राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में लखनऊ मण्डल से कुल 21 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

मंडल से सीतापुर, लखीमपुर, रायबरेली, लखनऊ के 18 छात्रों व शिक्षक संवर्ग में 3 शिक्षकों प्रतिभा पांडेय, अजय कुमार और कुम्हरांवा इंटर कालेज के रोहित कुमार ने प्रतिभाग किया। सीतापुर के छात्र अभिषेक कुमार ने अपने मार्गदर्शक शिक्षक अभिषेक कुमार शुक्ला के निर्देशन में जल संरक्षण व प्रबंधन में आत्मनिर्भर भारत व विकसित भारत का निर्माण में प्रथम स्थान प्राप्त किया। आर्यकन्या पाठशाला इंटर कॉलेज निशातगंज की छात्रा दिशा जोशी ने मनोरंजक गणितीय माडलिंग उप-विषय में गणितीय उद्धान शीर्षक से दूसरा स्थान प्राप्त किया। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज मलिहाबाद की छात्रा सना बानो ने शिक्षिका डा. संगीता साहू के निर्देशन में स्वास्थ्य व स्वच्छता ने अपग्रेडेड हेल्थ सेंटर प्रस्तुत कर दूसरा स्थान हासिल किया।

राज्य विज्ञान प्रदर्शनी में लखनऊ की विजेता टीम। ● अमृत विचार

53वीं राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में लखनऊ मंडल के हमारे छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया है। प्रतिभागिता करने वाले सभी छात्र-छात्राएं भविष्य में अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन कर लखनऊ मंडल का ऊंचा नाम करेंगी।

-डॉ. दिनेश कुमार, मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी

इन्होंने भी मचाया धमाल

- राजकीय जुबिली इंटर कालेज के नवम् के छात्र मोहम्मद शफाकत हुसैन ने जूनियर वर्ग में उप-विषय पर्यावरण एवं जल संरक्षण के अन्तर्गत दूसरा स्थान अर्जित किया। जूनियर वर्ग के प्रतिभागी छात्र कपिल गौतम ने उप-विषय हरित ऊर्जा में ग्रीन जनरेटर प्रस्तुत कर निर्णायकों का मन जीता एवं तीसरा स्थान प्राप्त किया। राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज के सीनियर वर्ग के छात्र मोहम्मद वजाहत हुसैन ने मार्गदर्शक शिक्षिका कीर्ति चौरसिया के निर्देशन में उभरती हुई प्रौद्योगिकी उप-विषय में स्वचलित पुनर्उत्पादित विधुत साइकिल प्रदर्शित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

ये रहे विजेता

- ललित कुमार, आशीष कुमार, आदित्य सैनी, आकाश गौतम, अभयसिंह, आदर्श त्रिपाठी, शरद गुप्ता और छात्राओं में स्नेहा गुप्ता, राधिका कश्यप, जागृति जायसवाल ने राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी के आयोजन स्थल में अपने माडलों का प्रदर्शन व प्रस्तुतीकरण कर प्रमाण पत्र प्राप्त किया।

शिक्षक संवर्ग के विजेता

- शिक्षक संवर्ग में आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज बादशाह नगर की शिक्षिका प्रतिभा पांडेय ने चिरस्थाई कृषि में अपना टीएलएम प्रस्तुत कर दूसरा स्थान हासिल किया। बीकेटी इंटर कॉलेज में शिक्षक अजय कुमार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया तथा कुम्हरांवा इंटर कॉलेज में शिक्षक रोहित ने प्रमाण पत्र अर्जित किया।

कैमरी हाइब्रिड इलेक्ट्रिक व्हीकल के साथ कंपनी के अधिकारी।

कैमरी हाइब्रिड ईवी स्प्रिंट एडिशन लांच

अमृत विचार, लखनऊ : सनी मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड ने शनिवार को अपनी प्रीमियम लग्जरी हाइब्रिड सेडान टोयोटा कैमरी हाइब्रिड इलेक्ट्रिक व्हीकल स्प्रिंट एडिशन को ग्राहकों के लिए पेश किया। यह विशेष संस्करण अब नजदीकी सनी टोयटा शोरूम पर बुकिंग, टेस्ट ड्राइव और जानकारी के लिए उपलब्ध है। कैमरी स्प्रिंट एडिशन को अधिक स्पोर्टी और डायनामिक लुक के साथ डिजाइन किया गया है।